पुणना International School
Shree Swaminarayan Gurukul, Zundal

Worksheet-2020-21

Subject-Hindi Std-VI

Poem-1 वह चिड़िया जो

प्र-1 अपठित गदयांश को पढ़कर पूछ गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

गुरुकुल में पढ़ने वाले छात्रों की पढाई पूरी होने पर एक दिन गुरूजी ने सभी छात्रों को मैदान में इकट्ठा होने के लिए कहा। सभी शिष्य मैदान में आकर खड़े हो गए। गुरूजी ने उनसे कहा, प्रिय शिष्यों मैं चाहता हूँ कि यहाँ से जाने से पहले आप सब एक बाधा दौड़ में भाग लें। इस दौड़ में आपको एक अँधेरी सुरंग से गुजरना होगा। सभी शिष्य सुरंग से गुजरे जहाँ जगह-जगह नुकीले पत्थर पड़े थे। दौड़ पूरी होने पर गुरूजी ने कहा, कुछ शिष्यों ने दौड़ जल्दी पूरी क्र ली और कुछ ने बहुत अधिक समय लगा दिया, भला ऐसा क्यों? कुछ शिष्यों ने जवाब दिया कि रस्ते में नुकीले पत्थर थे जिन्हें हम चुनकर जेब में रखते जा रहे थे ताकि पीछे आने वालों को पीड़ा न हो। गुरूजी ने उन सभी शिष्यों को बुलाया जिन्होंने चुने थे और जिन्हें तुम पत्थर समझ रहे, वे वास्तव में बहुमूल्य हीरे हैं जिन्हें मैंने सुरंग में डाला था। ये हीरे तुम सबका उपहार है क्योंकि तुमने दूसरों की पीड़ा को समझा। यह दौड़ जिंदगी की सच्चाई को बताती है कि सच्चा विजेता वही है जो इस दौड़ती दुनिया में दूसरों का भला करते हुए आगे बढ़ता है।

(क) गुरूजी ने शिष्यों को कहाँ और क्यों बुलाया था?
(ख) शिष्यों को सुरंग में किस कठिनाई का सामना करना पड़ा?
(ग) गुरूजी ने शिष्यों को क्या दिया और क्यों?
(घ) यह दौड़ जिंदगी की कौन-सी सच्चाई बताती है?
(ङ) उपर्युक्त कहानी का उचित शीर्षक लिखिए।

प्र-2 व्याकरण-विभाग

1 भाषा किसे कहते हैं?
2 भाषा के कितने रूप है?
3 लिखित भाषा किसे कहते हैं?
4 लिखित भाषा के उदाहरण लिखिए।
5 भाषा के अग लिखिए।

प्र-३ निम्नलिखित प्रश्नो के उत्तर लिखिए।

1- चिड़िया जल का मोती कैसे लाती है?

2- चिड़िया किसके के लिए गाती है?

3- चिड़िया रुचि से क्या खाती है?

4- चिड़िया के पंख कैसे है?

5- चिड़िया को किससे प्यार है?

प्र-४ निम्नलिखित शब्दों से वाक्य प्रयोग कीजिए।

1- अन्न- 2- कंठ-

3- उफ़नती- 4- एकांत-

5- गरबीली- 6- विजन-

प्र-५ निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए|

१.घर पर माँ है| ____.

२.लंका रावण का नगर था| ____.

३.मेरे को यह नहीं करना| ____.

४.हवा ठंडी बह रही है| ____.

५.कृपया छुट्टी देने की कृपा करें| ____.